www.impactmeasurement.co.in

Business Standard (Hindi)

Delhi 28 Jun 2019

Page No:	2	Type:	Newspaper
Page Name:	Company News	Language:	Hindi
Size:	135 sq. cm.	Circulation:	4,659
AVE:	INR 20,207	Frequency:	Daily

PDF HTML

News monitored for: **Lemon Tree Hotels**

Title: **Lemon Tree hotels to decrease minority share**

लेमन ट्री होटल्स घटाएगी अल्पांश हिस्सेदारी

शैली सेठ मोहिले
मुंबई, 27 जून

परिचालन विस्तार और परिसंपत्तियों के निर्माण पर पूंजी निवेश करने वाली लेमन ट्री होटल्स वित्त वर्ष 2021-22 के बाद अल्पांश हिस्सेदारी घटाने के लिए खरीदारों की तलाश शुरू करेगी। लेमन ट्री के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पतंजलि केसवानी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हम पूंजी नियोजन चक्र में हैं। हम लगभग 5,524 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। इसमें ज्यादा निवेश किया जा चुका है। निवेश के बाद अब हम अगले दो साल के दौरान उन भागीदारों की तलाश करेंगे जो 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद सकें और हमारे पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रह जाएगी।'

वारबर्ग पिंकस समर्थित इस कंपनी के कैलेंडर वर्ष 2021 तक 77 होटल होंगे

उन्होंने कहा कि इस कदम से कंपनी को अगले दो-तीन वर्षों में एक अरब डॉलर से ज्यादा पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी। लेमन ट्री ने लॉस एंजिल्स की बेरग्रुएन होल्डिंग्स के साथ गैर-बाध्यकारी समझौता किया है। बेरग्रुएन होल्डिंग्स के कीज प्राइमा, कीज सलेक्ट के तहत टू, थ्री और फोर-स्टार होटल हैं। भारत के 19 शहरों में कीज होटल्स 1911 कमरों के साथ 21 होटलों का प्रबंधन करती है। यह सौदा केसवानी नियंत्रित हॉस्पिटैलिटी कंपनी लेमन ट्री द्वारा किसी होटल चेन का पहला अधिग्रहण होगा। लेमन ट्री के पोर्टफोलियो में मौजूदा समय में 56 होटल (5,525 कमरे) शामिल हैं और अन्य 31 होटलों (3,275 कमरों) को वर्ष 2021 के अंत तक शामिल कर लिया जाएगा।

वारबर्ग पिंकस समर्थित इस कंपनी ने मार्च 2018 में 1,038 करोड़ रुपये जुटाए थे और तब कहा था कि उसने अगले तीन साल में 3,000 होटल कमरे शामिल करने की योजना बनाई है। कंपनी अगले 12 महीनों के दौरान अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

बुधवार को लेमन ट्री ने लेमन ट्री प्रीमियर की शुरुआत की घोषणा की। लेमन ट्रीम प्रीमियर उसका अपर मिड-स्केल ब्रांड है। डीलक्स, प्रीमियर और एक्जीक्यूटिव कमरों और सुइटों को मिलाकर इस सप्ताह के अंत में 303-कमरों का होटल परिचालन में आएगा।

© Business Standard (Hindi) http://hindi.business-standard